रोहतक
मंगलवार, 16 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, पंचमी+षष्ठी, वर्ष : 27, अंक : 355
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 12.0
न्यून. 2.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 टेनिस : गॉफ और मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश




पीएम-जनमत : एक लाख लाभार्थी परिवारों को 540 करोड़ की पहली किश्त जारी, पीएम बोले

# जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूछता है और पूजता भी है

मोदी की गारंटी है कि सबको योजनाओं का लाभ मिले

हमारी सरकार पिछले 10 साल से गरीबों के लिए समर्पित रही

हमने चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बनवाकर दिए

पहले योजनाएं केवल कागजों में पूरी होती थी, अब हकीकत में

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश तभी विकास कर सकता है जब विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे और यह 'मोदी की गारंटी' है कि दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वालों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे।

उन्होंने कहा, ''त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।'' उन्होंने कहा, ''जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।''

### ये बोले पीएम

- सरकार की योजनाएं सबसे पिछड़े आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार की हर योजना उन तक पहुंचे, इसके लिए सरकार पूरी ताकत लगा रही है।
- मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं, क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।
- आपको अपना घर बनाने के लिए किसी को भी एक भी रुपया नहीं देना। अगर कोई आपसे पैसा मांगे तो बिलकुल मत देना। ये आपका पैसा है।



### मोदी शिवपुरी की ललिता से बोले आप सुपर फास्ट बोलती हैं

पीएम ने अलग-अलग राज्यों की महिलाओं से बात की। शिवपुरी के हातोद गांव की ललिता सहरिया आदिवासी महिला से सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने को लेकर सवाल किया। ललिता ने कहा- बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिला है। बच्चों को ड्रेस मिली। मेरे शीतला माता स्व-सहायता समूह को भी लाभ मिला है। इस पर पीएम ने कहा, आप सुपर फास्ट बोलती जा रही हैं। इतना तो हम भी नहीं बोल सकते।

### योजना के तहत 9 केन्द्रीय मंत्रालय 11 सुविधाओं पर करेंगे काम

जनमन योजना के तहत केंद्र सरकार के 9 मंत्रालय 11 सुविधाओं को सुनिश्चित करने का काम करेंगे। इनमें पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए पोषण, बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण, घरों में बिजली पहुंचाना, सोलर पावर, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन के लिए स्किल डेवलपमेंट शामिल हैं।

### खबर संक्षेप

## बसपा अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी : मायावती



किसी भी पार्टी या गठबंधन के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, संन्यास की अटकलें भी खारिज की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने 68वें जन्मदिन पर सोमवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी 2024 का लो क स भा चुनाव अकेले ही लड़ेगी लेकिन चुनाव के बाद सरकार बनाने वाली पार्टी को उचित भागीदारी के साथ समर्थन देगी। मायावती ने उनके राजनीति से संन्यास लेने की खबरों को आधारहीन बताते हुए कहा ''मैं अंतिम सांस तक पार्टी को मजबूत करती रहूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी चुनाव के पहले किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद स्थिति को ध्यान में रखते हुए उचित भागीदारी के आधार पर शामिल होंगे।

# अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति होगी गर्भगृह में स्थापित

## प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जारी

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की पूरी जानकारी सामने आ गई है। 22 जनवरी को दोपहर 12.20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अपने विचार रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को रामलला के दर्शन बंद किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी।



**150 से 200 किलो के बीच होगा प्रतिमा का वजन**

दोपहर 12:20 बजे से एक बजे तक होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम
पीएम मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत व ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास करेंगे संबोधित

### कर्नाटक के मूर्तिकार हैं अरुण



चंपत राय ने बताया कि कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। मूर्ति बनाते वक्त वह 15-15 दिन परिवार से बात नहीं करते थे। बहुत परिश्रमी लड़का है। उसकी मेहनत का फल मिला। अरुण योगीराज ने नीले रंगे की मूर्ति बनाई है। इसमें रामलला को खड़े हुए धनुष-बाण लिए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा के पुत्र की तरह और विष्णु का अवतार लगे।

### 22 जनवरी को हरियाणा में बंद रहेंगी शराब की सभी दुकानें

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि प्रत्येक परिवार 22 जनवरी को घर पर 'दीपोत्सव' में भाग ले। इसके अतिरिक्त, लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ने की सुविधा के लिए शैक्षणिक संस्थानों और अन्य स्थानों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है। 22 जनवरी को राज्य में शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है यह तो लोगों आस्था से जुड़ा है।

20 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा

# भीषण ठंड जारी, 0.4 डिग्री के साथ महेंद्रगढ़ सबसे ठंडा

**नारनौल/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** उत्तरी बर्फिली हवाओं के कारण हरियाणा में कड़ाके की हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सितम जारी है। मौसम विभाग ने 21 जिलों में ठंड का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ जैसे ही हरियाणा एनसीआर दिल्ली से आगे निकल गया वैसे ही हिमालय की उत्तरी बर्फिली हवाओं का उत्तरी मैदानी राज्यों पर असर देखने को मिल रहा है। रात्रि तापमान नीचे गिरकर जमाव बिंदु पर पहुंच गए हैं। सोमवार को नारनौल और महेंद्रगढ़ के रात्रि तापमान क्रमश 1.8 डिग्री सेल्सियस और 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 20 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा।

**छा रहा घना कोहरा :** पूरे हरियाणा में सुबह के समय घना कोहरा छा रहा है। जिसकी वजह से रफ्तार पर ब्रेक और परिवहन के साधन रेंगने को मजबूर हुए। हालांकि दिन में अच्छी धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली। 18 व 19 जनवरी से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी से आमजन को राहत के आसार बन रहे हैं।

### पहली से तीसरी कक्षा तक की छुट्टी 20 तक बढ़ी

हरियाणा में ठंड की वजह से सरकारी स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। शिक्षा विभाग ने तीसरी क्लास तक के बच्चों की छुट्टियां 20 जनवरी तक करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चौथी और 5वीं के बच्चों की छुट्टियों को लेकर डीसी अपने स्तर पर फैसला करेंगे। 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को मंगलवार से नियमित स्कूल जाना होगा।

# सचिन हुए डीपफेक का शिकार गेमिंग ऐप को प्रमोट करते दिखे



गेम के प्रमोशन के लिए वीडियो पर आवाज डब की
सचिन बोले यह नकली और गलत

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हुए हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे 'स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। खुद सचिन ने इस वीडियो को पोस्ट करके लिखा कि ये वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। फेक वीडियो में वे ये कहते नजर आते हैं कि उनकी बेटी सारा इस गेम से रोजाना बड़ी मात्रा में पैसा निकालती हैं। वे कह रहे हैं कि मुझे आश्चर्य होता है कि अब अच्छा पैसा कमाना कितना आसान हो गया है।

***सख्त नियम अधिसूचित करेंगे : चंद्रशेखर।*** *केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यह मामला सामने आने के बाद कहा कि सरकार जल्द ही सोशल मीडिया मंचों के लिए सख्त नियम अधिसूचित करेगी।*







गाय, बैल, सांड, गधा, नील गाय आवारा पशुओं में शामिल

# आवारा पशु से दुर्घटना पर मुआवजा तय करेगी कमेटी, डीसी होंगे अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

*मुख्य सचिव कौशल ने जारी किया आदेश*

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा निर्धारित करने हेतु सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। यह कमेटी दावा प्रस्तुत किए जाने के 4 माह के अन्दर मुआवजे पर अपना निर्णय देगी। मुख्य सचिव ने यहां पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एक निर्णय को लागू करने के सम्बन्ध में बुलाई बैठक में जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक या उप-पुलिस अधीक्षक (यातायात), सम्बन्धित क्षेत्र का सब डिविजनल मजिस्ट्रेट और मुख्य चिकित्सा अधिकारी का प्रतिनिधि इस कमेटी के सदस्य होंगे।

### ये होंगे कमेटी सदस्य



यदि ऐसी दुर्घटना पंचायत एरिया में होती है तो डीडीपीओ, यदि जंगली जानवर से दुर्घटना होती है तो डीएफओ, यदि राज्य मार्ग पर होती है तो एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, यदि पालिका क्षेत्र में होती है तो अतिरिक्त आयुक्त या पालिका सचिव, यदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण कार्य वाले क्षेत्र में होती है तो सम्बन्धित कम्पनी का प्रोजेक्ट डायरेक्टर आदि इस कमेटी के सदस्य होंगे। ऐसे मामलों में मुआवजे के बारे में निर्णय लेते समय मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के दिशा-निर्देशों और मानकों को ध्यान में रखा जाएगा।

### ऐसे मिलेगा मुआवजा

मुआवजे पर निर्णय सम्बन्धित विभाग के प्रधान सचिव या एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भेजा जाएगा, जिसे 6 सप्ताह के अन्दर दावेदार को मुआवजे का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं में गाय, बैल, सांड, गधा, नीलगाय, भैंस सहित पालतू जानवर भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने कुत्ते का एक दांत लगने पर 10 हजार रुपये और यदि कुत्ते के काटने पर किसी व्यक्ति का मांस उखड़ जाता है तो कम से कम 20 हजार रुपये मुआवजा देने के लिए कहा है।

खबर संक्षेप

## बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही आज सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी।

## जजपा को कोई न्योता नहीं दिया : राठी

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने सोमवार को एक हिंदी के दैनिक अखबार में छपी इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला द्वारा अजय चौटाला परिवार को इनेलो में शामिल होने का न्योता देने वाली खबर को कोरा झूठ बताते हुए कहा कि वे साफ और स्पष्ट शब्दों में कह चुके हैं कि अजय चौटाला और दुष्यंत चौटाला पार्टी के गद्दार हैं और इन्होंने भाजपा के साथ मिलकर इनेलो पार्टी को तोड़ने की घिनौनी साजिश रची और लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, उनको इनेलो पार्टी में शामिल करने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

## दीपेंद्र हुड्डा ने किए रामलला के दर्शन



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने 16 जनवरी को रोहतक से घर-घर कांग्रेस अभियान शुरू करने से पहले सोमवार को मकर संक्रांति के मौके पर दोबारा अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और भगवान रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने समस्त प्रदेशवासियों के लिए भगवान से मंगलकामना की।

## गुरु गोबिंद सिंह त्याग व बलिदान के प्रतीतः बबली

**फतेहाबाद/ चंडीगढ़।** फतेहाबाद के गांव अकांवली में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने गुरुद्वारा अकांवली में आयोजित अखंड पाठ में माथा टेक सबके सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का त्याग समर्पण सेवा बलिदान राष्ट्र धर्म धरा धेनु के प्रति कर्तव्यों की जीवंत अमर गौरव गाथा है।

## टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ा रही सरकार : गर्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रांतीय अध्यक्ष और हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने सब्जी मंडी के व्यापारियों से वार्ता करने के बाद कहा कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड ने सब्जी मंडी के व्यापारियों पर 40 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर नया स्लैब प्रणाली बनाई है, वह सरासर गलत है। जिसमें हर साल 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर देना होगा और बिना माल बेचे ही एडवांस टैक्स भरवाने का फरमान जारी किया है , जब व्यापारी ने माल बेचा ही नहीं तो एडवांस टैक्स भरवाने का नियम गैरकानूनी है।

### मुख्यमंत्री ने पंचकूला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला

# 100 सीटें होंगी, 800 करोड़ रुपये से 30 माह में बनेगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पंचकूला के सेक्टर-32 में 30 एकड़ भूमि पर 800 करोड़ की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा बनाए जाने वाले नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा। प्रारंभिक चरण में 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस परियोजना पर 300 करोड़ के अतिरिक्त व्यय का अनुमान है । पूरी परियोजना 30 महीने के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। इस मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें होंगी।

- मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद, हमने राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने की घोषणा की थी। दो जिलों चरखी दादरी और पलवल को छोड़कर हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए हैं। जिनमें से 6 सरकारी, 1 सहायता प्राप्त और 8 निजी सहित कुल 15 पहले ही संचालित हो चुके हैं । शेष जिले में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज थे। 2014 और 2019 के बीच यह संख्या बढ़कर 12 हो गई, जो 2019 से वर्तमान तक 15 तक पहुंच गई है। सभी के पूरा होने पर भविष्य में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 29 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों के पूरा होने पर राज्य में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 3500 तक पहुंच जाएगी।



चंडीगढ़। हवन में आहूति डालते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### राज्य को हर वर्ष 3500 डॉक्टर मिलेंगे

स्वास्थ्य पेशेवरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज के संचालित होने के बाद राज्य को हर वर्ष 3500 डॉक्टर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, विशेष डॉक्टरों की आवश्यकता को पूरा करते हुए पीजी सीटों की संख्या 851 से बढ़कर 1200 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों के अंदर पैरा-मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज भी स्थापित किये जायेंगे।

## पुस्तकें मनुष्य को नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं : मनोहर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पुस्तकों में भाषा का समन्वय ठीक उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार शरीर व आत्मा का आपसी संबंध होता है। मुख्यमंत्री सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क में बिजली कंपनियों के तत्वावधान में 6 अन्य विभागों द्वारा आयोजित द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस मेले में राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट का भी विशेष योगदान है। पुस्तक मेला 22 जनवरी तक चलेगा। मेले में लगभग 100 प्रकाशकों में स्टाल लगाए है, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, पंजाबी आदि की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। "ज्ञान की रोशनी से रोशन होता हरियाणा, विद्युत प्रवाह से ज्ञान प्रवाह" पुस्तक मेले का थीम है।

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेले का उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकें ज्ञानवर्धक होती है। जब भी हमें समय मिले, पुस्तकें अवश्य पढ़नी चाहिए, केवल दिखावे के लिए बल्कि वास्तविक ज्ञान हासिल करने के लिए पुस्तकें पढ़नी चाहिए। ज्ञान शाश्वत होता है।



सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/644

मनकि देवीराम पुत्र बिसम्बर दयाल पुत्र चन्दगीराम, निवासी गावं पेलपा एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2018–19, के अनुसार अराजी खेवट न0 831/761मिन, खाता न0 859, मु0 न0 346, किला न0 16/1(4–0), मु0 न0 347, किला न0 20(8–0), 21(8–0) किते 3, तादादी रकबा 20 कनाल 0 मरला (2.5 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 20 कनाल 0 मरला (2.5 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 15.01.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

कार्यालयः- महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द
Gmail to: gmhrjind1@gmail.com

निविदा सूचना

निदेशालय, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ़ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द की बसों/वाहनों द्वारा बस स्टैन्ड, जीन्द के 5 किलोमीटर एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पैट्रोल पम्प से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जायेगाः-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 6000 लीटर प्रतिदिन |
| 2 | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 1600 लीटर प्रतिदिन |
| 3 | सफीदों बस स्टैण्ड | लगभग 1100 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अन्दर आने वाले सभी पैट्रोल पम्प डीलरों को इस निविदा सुचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी अपनी कुटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 18.01.2024 को सुबह 10:00 बजे तक कार्यालयः महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा दिनांक 18.01.2024 को सुबह 11:00 बजे इच्छुक डीलरों की उपस्थिति में ही इन कुटेशनों को नियमानुसार खोला जाएगा। फर्म को भुगतान 15 कार्यदिवस में किया जाएगा। फर्म/पैट्रोल पम्प डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खडा रहने का उचित स्थान होना तथा आने-जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में/पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना ना करना पडे। पैट्रोल पम्प डीलर को विभाग के कर्मचारीयों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पैट्रोल पम्प पर आने व जाने के समय भीड/जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों के चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पैट्रोल पम्प तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबन्ध रदद कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पैट्रोल पम्प इस डिपो को डीजल की Supply निरंतर करते रहेंगें व किसी अपरिहार्य कारणों के कारण Supply बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सुचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबन्ध आगे बढाया जायेगा या नहीं, इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-2 पर जारी सभी दिशानिर्देश/ हिदायतों की शर्तों की पालना करनी होगी।**

हस्ता/- महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन,
जीन्द

पीआरडीएच-1119/11/455/2024/24185/88/6 दि. 15.01.24

## परियोजना को लेकर रेस्ट हाउस में अधिकारियों से मिल सकेंगे विधायक

**चंडीगढ़।** प्रदेश में यदि कोई विधायक किसी विकास परियोजना के बारे में कोई जानकारी प्राप्त करना चाहता है, तो वह पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संबंधित अधिकारी से मिलकर अपेक्षित जानकारी प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में हरियाणा विधान सत्र के दौरान इस सम्बन्ध में आश्वासन दिया था। तदनुसार, सोमवार यहां मुख्य सचिव द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि, हालांकि, विधायक अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इसके अलावा, उप-मंडल में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित सभी विधायकों को उस उप-मंडल में उपायुक्त की अध्यक्षता में होने वाले खुले दरबार के बारे में उन्हें आमंत्रित करने की बजाय केवल सूचित किया जाएगा।



- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने पत्र जारी किया
- मुख्यमंत्री ने विस में दिया था आश्वासन

## युवाओं को नशे के प्रति जागरूक कर रही पुलिस

**चंडीगढ़।** युवाओं को नशे से बचाने और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में प्रभावी तरीके से अवगत करवाने को लेकर हरियाणा पुलिस तथा हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा संयुक्त रूप से डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से हैकाथोन का आयोजन जा रहा है। हैकाथॉन में देश भर के कॉलेजों, विवि तथा अन्य संस्थानों से 3100 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए नशामुक्ति को लेकर प्रोटोटाइप्स/ सोल्युशन्स तैयार किए। जनवरी माह के अंत में हैकाथॉन का फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 46 लाख लोगों ने की भागीदारी

**चंडीगढ़।** देशभर में राष्ट्र एकता व भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से आज देश व प्रदेश की तस्वीर बदली हुई सी नजर आ रही है।

- मुख्यमंत्री अधिकारियों से लगातार ले रहे फीडबैक

यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी की गाड़ी के माध्यम से पात्र लोगों को उनके गांवों में मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में भी 30 नवंबर से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने एक बड़ा पड़ाव हासिल किया है और अब तक यात्रा में 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। 14 जनवरी को प्रदेशभर में 42 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लगभग 50 हजार लागों ने हिस्सा लिया। इस प्रकार, अब तक कुल 6138 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों को यात्रा के दौरान कवर किया जा चुका है।

## कर्मचारी संगठन 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे : लांबा

**चंडीगढ़।** केन्द्र सरकार के पुरानी पेंशन बहाली और आठवें पे कमीशन के गठन से इंकार से गुस्साए कर्मचारी 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। हड़ताल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों में राज्य, जिला एवं खंड/ताल्लुक स्तर पर कर्मचारी सभाएं आयोजित की जाएगी और इसके बाद केन्द्र व राज्य सरकार की जन एवं मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों और कर्मचारियों की मांगों के प्रति उसके रवैया की जानकारी देने के लिए प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंचने के लिए सभी राज्यों में रीच टू ईच जन संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि हड़ताल की प्रमुख मांगों में पुरानी पैंशन बहाली, ठेका संविदा कर्मियों की रेगुलराइजेशन, खाली पदों को भर बेरोजगारों को रोजगार देने,जन सेवाओं एवं पीएसयू के निजीकरण पर रोक, आठवें पे कमीशन का गठन, 18 महीने के बकाया डीए डीआर का भुगतान करने,ट्रेड यूनियन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा, नेशनल एजुकेशन पालिसी, बिजली अमेंडमेंट बिल व लेबर कोड्स की वापसी, आयकर छूट की सीमा बढ़ाने, पैंशनर्ज की 65, 70 व 75 साल की उम्र में बेसिक पेंशन में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी करने व अन्य मांगे शामिल है।



- पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी लामबंद

## युवाओं को 75% आरक्षण देने का वादा जुमला : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा। पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर उनके साथ पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल और वरिष्ठ नेता बीके कौशिक मौजूद रहे। ढांडा ने कहा कि हरियाणा पिछले कई सालों से बेरोजगारी में लगातार नंबर वन बना हुआ है। बेरोजगारी की ये समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। अभी कुछ दिन पहले सिरसा में तीन युवाओं की नशे से मौत हो गई। हर रोज युवाओं के नशे की चपेट में आने की खबरें आ रही हैं जो बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं और जो सरकार हरियाणा के युवाओं को नौकरी में 75% आरक्षण का जुमला फेंक कर सत्ता में आई। उनका 75% आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। लेकिन हरियाणा के 75% युवाओं को रोजगार मिले ऐसी सरकार की मंशा कभी थी ही नहीं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में हुई कुछ भर्तियों के आंकडे बताते हैं कि कृषि विभाग के 600 एडीओ के पदों के लिए भर्ती निकली थी। उनमें से भी केवल 50 का ही चयन हुआ, 550 पोस्ट ऐसे ही खाली रह गई।



## 'आप' और कांग्रेस ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए गठबंधन पर मुहर लगाई

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ महापौर का आगामी चुनाव मिलकर लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने सोमवार को गठबंधन कर लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल ने बताया कि समझौते के तहत 'आप' महापौर की सीट के लिए लड़ेगी जबकि कांग्रेस वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर चुनाव लड़ेगी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के दोनों घटक 'आप' और कांग्रेस इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं। लेकिन पंजाब में दोनों दलों की राज्य इकाइयां अभी तक एक-दूसरे को कोई रियायत देने के प्रति अनिच्छुक हैं। कांग्रेस और 'आप' की ओर से अलग-अलग दावा करके कहा जा रहा है कि वे पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट जीतेंगे। 'आप' के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन की घोषणा के बाद बंसल ने कहा, "यह चंडीगढ़ में भाजपा के कुशासन के अंत की शुरुआत है।" कांग्रेस की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा कि 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार टीटा महापौर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गैबी और निर्मला देवी क्रमशः वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

**ग्रुप-डी के पदों हेतु 21 और 22 अक्तूबर, 2023 को आयोजित परीक्षा कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2023, हरियाणा के परिणाम की घोषणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों को सूचना**

यह सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की जानकारी के लिये हैं जो 21 और 22 अक्तूबर, 2023 को आयोजित ग्रुप-डी की परीक्षा में उपस्थित हुए थे, कि कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2023, हरियाणा का परिणाम उम्मीदवारों की लॉगइन पर अपलोड किया जा चुका है। स्कोर कार्ड में दर्शाये गये सामाजिक आर्थिक मानदंड अंक आंशिक रूप से इंगित किये गये हैं किन्तु ये अभी, जोकि सीडब्ल्यूपी सं. 25781/2023 शीर्षक वरूण भारद्वाज बनाम हरियाणा सरकार तथा अन्य और अन्य सभी सम्बन्धित मामलों के अंतिम परिणाम के अधीन होंगे, तक निरस्त रहेंगे।

उम्मीदवारों को एचएसएससी की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक https://cnr.nic.in/NTAResult/HSSCGroupD/Login?apprefno=101552311 पर अपना पंजीकरण नम्बर और जन्मतिथि का उपयोग करते हुये अपने सीईटी स्कोर कार्ड चैक करने / डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

1. **उम्मीदवार अपना परिणाम / स्कोर कार्ड डाउनलोड करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

**महत्वपूर्ण निदेश :-**

1. यह स्कोर कार्ड परिणाम की घोषणा से 3 वर्षों की अवधि हेतु अथवा एक उम्मीदवार की हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारी द्वारा की गई नियुक्ति हेतु अनुशंसा जो भी पहले हो, वैध है।
2. यह स्कोर कार्ड इलैक्ट्रोनिकली तैयार किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
3. उम्मीदवार की विशेष श्रेणी, उप श्रेणी समेत उसके ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र/परिवार पहचान पत्र के अनुसार इंगित किये गये हैं। यदि उसमें कोई परिवर्तन आवश्यक है तो उम्मीदवार आयोग अर्थात एचएसएससी द्वारा निर्धारित समय के अंदर एचएसएससी, आयोग से अर्थात आयोग की कार्यालयीन वेबसाइट पर इस सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना द्वारा सम्पर्क करे।
4. ***सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अंक अंतरिम हैं और एचएसएससी द्वारा प्रमाणीकरण परिवर्तन के अधीन है। यदि भर्ती के किसी स्तर अथवा नियुक्ति के उपरांत पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा सामाजिक-आर्थिक मानदंड अंक प्राप्त करने के लिए किया गया दावा स्थापित करने योग्य नहीं है और /अथवा यह उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवार द्वारा गलत और भ्रामक जानकारी अथवा गलत जानकारी दी गई है तो ऐसे उम्मीदवार के उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और ऐसे उम्मीदवार के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।**
5. उम्मीदवार की बायोमैट्रिक्स (ऊंगलियों की छाप और फोटोग्राफ) परीक्षा के समय लिए जाएंगे और इनका मिलान और सत्यापन उनकी वास्तविक ज्वाइनिंग से पहले उनके द्वारा दिए गए बायोमैट्रिक्स से किया जाएगा और यदि कोई कदाचार पाया जाता है तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसके विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही भी की जाएगी।
6. पात्र उम्मीदवारों के पात्रता मानदंड, स्व-घोषणा, विभिन्न समर्थित दस्तावेजों इत्यादि को निर्धारित नॉर्म्स के अनुरूप प्रमाणित किया जाएगा।
7. नियुक्ति हेतु शॉर्ट लिस्टिंग के उद्देश्य से विचार पात्रता रैंक में मैरिट लिस्ट, मेडिकल फिटनेस, उसके दावे के समर्थन में प्रस्तुत मूल दस्तावेजों के प्रमाणीकरण और एचएसएससी और नियुक्ति अधिकारी द्वारा निर्धारित ऐसे किसी अन्य मानदंड को पूर्ण करने के अधीन होगी।
8. उम्मीदवार, यदि किसी स्तर पर गलत जानकारी जमा करवाने अथवा स्कोर कार्ड के साथ छेड़-छाड़ किये हुये पाया जाता है, अनुचित कार्य करने के रूप में माना जाएगा और उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा आगे, जो भी कानूनी कार्यवाही उचित मानी जाएगी, अमल में लाई जाएगी।
9. प्राप्त किए गए रॉ मार्क्स नॉर्मलाइज मार्क्स में अंतरित कर गये हैं, नॉर्मलाइज मार्क्स करने की विस्तृत प्रक्रिया हेतु कृपया वेबसाइट www.hssc.gov.in देखें।
10. सीईटी 2023 में महज उपस्थित होने और स्कोर कार्ड की प्रोसैसिंग से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता और यह सीईटी स्कोर की अवधि के दौरान समय-समय पर जारी सूचनाओं / निर्देशों / विज्ञापनों द्वारा परिचालित होगा। उम्मीदवार कार्यालयीन वेबसाइट www.hssc.gov.in को नियमित रूप से देखें क्योंकि किसी को भी व्यक्तिगत रूप से सूचना नहीं दी जाएगी।
11. यह सीईटी स्कोर हरियाणा सरकार की अधिसूचना सं. 42/119/2019/5जीएस-1 दिनांक 05.05.2022 और समय-समय पर संशोधित अनुसार के तहत जारी की गई है। उम्मीदवार उपरोक्त अधिसूचना के नियम एवं शर्तों द्वारा बाधित है।

*** टिप्पणी : 1. सामाजिक-आर्थिक मानदंड अंक माननीय उच्च न्यायालय के सीडब्ल्यूपी सं. 25781 ऑफ 2023 आदेश दिनांक 16.11.2023 के अंतरिम आदेशों के तहत निरस्त किए गए हैं। सामाजिक-आर्थिक मानदंड में दिए गए अंक निरस्त रहेंगे और सीडब्ल्यूपी सं. 2587 ऑफ 2023 शीर्षक वरूण भारद्वाज बनाम हरियाणा सरकार तथा अन्य सम्बन्धित मामलों के अंतिम परिणाम तक इन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 12 जनवरी, 2024

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/605/2024/24189/88/6 दि. 15.01.24

# 8000 शिक्षकों को भर्ती करने की तैयारी

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा पद भरे जाएंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में शिक्षक भर्ती होने के लिए इंतजार कर रहे और हरियाणा रोजगार कौशल निगम के माध्यम से आवेदन देने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पंजीकरण करा चुके युवाओं को जल्द ही अनुबंध के आधार पर रखने जा रहा है। प्रदेश के अंदर अनुबंध 8 हजार से ज्यादा शिक्षकों पीजीटी और टीजीटी विभिन्न विषयों के शिक्षक रखे जाने की प्रक्रिया जल्द ही तेज होने जा रही है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने टीचर एसोसिएट के तौर पर टीजीटी और पीजीटी रखने का फैसला किया है, इसके लिए विधिवत सूचना पूर्व में ही जारी की थी। यहां पर याद रहे कि निगम की ओर से 23 दिसंबर 2023 तक और उसके पहले ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। जिसके तहत प्रदेश के युवाओं ने टीजीटी, पीजीटी शिक्षक भर्ती होने के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे थे।

### नहीं होगी शिक्षकों की कमी

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राज्यपाल का कहना है कि प्रदेश के अंदर शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए हम कई कदम उठा रहे हैं। इसके तहत ही 8 हजार से ज्यादा शिक्षकों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखने का फैसला लिया है। जल्द ही इसकी प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह अनुबंध के आधार पर अस्थाई नियुक्ति होगी। इसके अलावा भी सरकार नियमित तौर पर शिक्षक भर्ती करने की प्रक्रिया को तेज करने जा रही है।

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि हरियाणा रोजगार कौशल निगम की ओर से रखे जाने वाले शिक्षकों में अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषय के साथ-साथ संस्कृत, साइंस, सोशल स्टडीज के लिए टीजीटी शिक्षक अनुबंध के आधार पर रखे जाने का फैसला लिया है।

इनके अलावा पीजीटी शिक्षकों में भी विषय बायोलॉजी, कॉमर्स इकोनॉमिक्स और हिंदी, इतिहास के साथ-साथ गणित पॉलिटिकल साइंस, संस्कृत जैसे विषयों के लिए रखने की योजना है। बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के आवेदन लिए जाने के बाद कौशल रोजगार निगम जल्द ही प्रक्रिया को तेज करने जा रहा है, जिसके तहत नए सत्र से स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर होगी साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी सुचारू ढंग से चल सकेगी।

### ठेकेदारी प्रथा समाप्त

सूबे की मनोहर सरकार द्वारा राज्य में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्तियों में होने वाले भ्रष्टाचार और ठेकेदारी को खत्म करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम की शुरुआत की है। इसी क्रम में भर्ती प्रक्रिया जारी है। पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्सिंग नियुक्तियों को ऑनलाइन माध्यम से बेरोजगार शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने की सुविधा दी जाएगी।

## सिजोफ्रेनिया सहित कई त्वचा रोग क्रोनिक बीमारियों में शामिल, इलाज में मिलेगी मदद

**चंडीगढ़।** सरकार ने क्रोनिक बीमारियों की संशोधित सूची जारी की है। संशोधित सूची में 18 बीमारियां और गंभीर चिकित्सा स्थिति को शामिल किया गया है। इस सूची में पहली बार मानसिक बीमारियों को भी शामिल किया गया है। इसमें सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर डिसऑर्डर, ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर और डिमेंशिया की बीमारी शामिल है। इसके अलावा त्वचा से संबंधित कुछ और बीमारियों को भी क्रोनिक डिसीज में शामिल किया गया, जिसमें क्रोनिक एक्जिमा, विटिलिगो, हिड्राडेनाइटिस सपुराटिवा, क्रोनिक स्पॉन्टेनियस अर्टिकेरिया शामिल है। इससे पहले सिर्फ त्वचा बीमारियों में सिर्फ सोरायसिस शामिल थी। इन बीमारियों से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए हरियाणा सरकार की ओर से आर्थिक मदद दी जाती है

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 14 में पैच वर्क और ड्रेनेज सिस्टम द्वारा गलियों/सड़कों का पुनर्निर्माण + 4 कार्य। | 13.01.2024 22.01.2024 | 67.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 12, एम.सी. रोहतक में दि लीटल श्री स्कूल, सेक्टर-3पी के सामने आरएमसी सड़क का निर्माण। | 13.01.2024 29.01.2024 | 34.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला, निकट हिसार बाईपास, रोहतक में हॉल का निर्माण + 7 कार्य। | 11.01.2024 24.01.2024 | 1.08 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 1, नई अनुमोदित कॉलोनी सूर्य नगर एक्सटेंशन-04 में आईपीबी गली का निर्माण + 16 कार्य। | 12.01.2024 25.01.2024 | 1.77 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/24199/I/88/6 दि. 15.01.24

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# आधुनिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास की ओर अभूतपूर्व कदम



"आज हमारे पास साधन हैं, हमारे पास सामर्थ्य है, हमारे पास दुनिया का सबसे बेहतरीन टैलेंट है।"

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, पालसमुद्रम

का उद्घाटन

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा

16 जनवरी, 2024 | सायं 4:00 बजे | पालसमुद्रम

## राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (नासिन), पालसमुद्रम की विशेषताएं

- अप्रत्यक्ष कराधान के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए भारत सरकार का शीर्ष संस्थान
- केंद्रीय राजस्व के साथ-साथ सहयोगी केंद्रीय सेवाओं, राज्य सरकारों और भागीदार देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षण
- ऑगमेंटेड और वर्चुअल रियलिटी, ब्लॉक-चेन के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम
- WCO, UNEP, UNODC और SASEC द्वारा मान्यता प्राप्त अकादमी
- सीमा शुल्क, जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ड्रग कानून, एंटी मनी-लॉन्ड्रिंग, जाली नोट, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार एवं अन्य विषयों का प्रशिक्षण
- आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में स्थित 500 एकड़ का पर्यावरण अनुकूल हरा-भरा परिसर
- जनमानस के लिए परिसर में डाकघर, बैंक शाखा, सुपरमार्केट, विद्यालय, अस्पताल आदि सुविधाएं
- स्थानीय निवासियों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और आस-पास के क्षेत्र में विकास को बल

नासिन, पालसमुद्रम की अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

CBC 15502/13/0027/2324




DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

# रियल मैड्रिड बना स्पेनिश सुपर कप चैंपियन, विनीसियस की हैट्रिक



चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| रियाद

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने रविवार रात को खेले गए मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए जिससे रियल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा। रियल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बार्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं। विनीसियस ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया।' रियल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

## टोटेनहैम ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका



*मैनचेस्टर।* टोटेनहैम ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जबकि ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

## जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत



*अल रेयान।* खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में शानदार वापसी करके वियतनाम को 4-2 से हराया जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलीस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### सातवीं वरीय और विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा बाहर

# गॉफ और मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश





वावरिंका हारकर बाहर

*पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने ज़िज़ौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। पिछले साल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बॉतिस्टा आगुट को 6-2, 7-6 (2), 7-5 से जबकि अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और 25वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्तियन कोर्डा ने विट कोप्रिवा को 6-1, 6-4, 2-6, 4-6, 6-2 से हराया।*

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त और विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हालांकि पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे।

# इंडिया ओपन में पदक जीतने उतरेंगे खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

IRCTC
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

1. खुली ई–निविदा सं. 2024/आईआरसीटीसी/ईपीआर कंप्लायंस के लिए समय–समय पर संशोधित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत आईआरसीटीसी की ओर से ईपीआर अनुपालन की पूर्ति के लिए सेवा प्रदाता/एजेंसियों को काम पर रखने के लिए निविदा। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 07.02.2024 को 15:00 बजे। ई–मेल ggmrailneer@irctc.com
2. डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनी (डीएमसी) का इम्पैनलमेंट, ईओआई नं. 2023/आईआरसीटीसी/ सीओ/ टूरिज्म/ओबीटी, अखिल भारत आधार पर आउटबांड टूर पैकेजों के अतिथियों को बैकइंड सेवाएं प्रदान करना। इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया पूरे वर्ष खुली रहेगी और प्रत्येक वैकल्पिक माह पर जांच की जाएगी। ईओआई की पहली जांच की तिथि और समय 15.02.24 को 15:00 बजे होगा। ईओआई पूर्व बैठकें 23.01.24 और 30.01.24 को 15:00 बजे आयोजित की जाएंगी।
3. "कॉर्गो एजेंटों के इम्पैनलमेंट" के लिए ईओआई आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम (सीएआरजी)/7/2023/टूरिज्म/सीओ दिनांक 15.01.2024, प्री–बिड मीटिंग: 30.01.2024 को 12.30 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 15.02.2024 को 15:00 बजे, ई–मेल cargo@irctc.com
4. निविदा सं. जीईएम/2024/बी/4422635, आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं हेल्प डेस्क सेवाओं की अधिप्राप्ति। प्री–बिड मीटिंग (वीसी): 23.01.2024 को 12:00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: 05.02.2024 को 15:00 बजे।
5. निविदा सं. जीईएम/2023/बी/4377794, आईआरसीटीसी कस्टमर कॉन्टेक्ट सेंटर के लिए। जमा करने की अंतिम तिथि: 30.01.2024 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए क्र.सं. 1-5 के लिए www.irctc.com क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल क्र.सं. 1-5 के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com पर, क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

आईआरसीटीसी लि., एम–13, दूसरा तल, पुंज हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110 001

STARTUP HARYANA FIRST STEP OF SUCCESS
हरियाणा सरकार
hartron

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस, 2024

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि
श्री बंडारू दत्तात्रेय
माननीय राज्यपाल, हरियाणा

16 जनवरी, 2024 | प्रातः 11:00 बजे से

हारट्रोन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब
प्लॉट नं.-1, उद्योग विहार, फेज़-1, गुरुग्राम

स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने हेतु की गयी पहल
- हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति चार मुख्य बिन्दुओं पर आधारित : आधारभूत संरचना में वृद्धि, वित्तीय सहायता, नियामक सहजता और उद्यमिता विकास।
- हरियाणा स्थित 6000+ स्टार्टअप को डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिनमें से 45% से अधिक महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स हैं।
- 14+ यूनिकॉर्न स्टार्टअप हरियाणा में स्थित हैं।
- छात्रों में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए राज्य विश्वविद्यालयों में नए इन्क्यूबेशन केंद्र।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा
तथा हारट्रोन

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# प्रखर ने बनाए 'रिकॉर्ड 404* रन', कर्नाटक बना कूच बिहार चैंपियन




एजेंसी ▶▶| शिवमोगा

कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को यहां मुंबई के खिलाफ 638 गेंद में नाबाद 404 रन की पारी खेलकर युवराज सिंह का अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर का 25 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज युवराज ने 1999 में बिहार के खिलाफ फाइनल में पंजाब के लिए 358 रन की पारी खेली थी। प्रखर की पारी की बदौलत मैच ड्रॉ रहा और कर्नाटक ने पहली पारी में 510 रन की बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत के इस शीर्ष अंडर-19 टूर्नामेंट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड विजय जोल के नाम है जिन्होंने 2011-12 में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए नाबाद 451 रन की पारी खेली थी। प्रखर ने अपनी पारी में 46 चौके और तीन छक्के मारे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।'

### कर्नाटक ने जीती ट्रॉफी

*प्रखर की मैराथन पारी से कर्नाटक ने मुंबई के 380 रन के जवाब में आठ विकेट पर 890 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 510 रन की बढ़त हासिल की। मैच ड्रॉ रहा। कर्नाटक के लिए हर्षील दमानी ने भी 179 रन की पारी खेली। प्रखर के 400 रन के आंकड़े को पार करने के बाद दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। पहली पारी में बढ़त लेने के कारण कर्नाटक इस सीजन में कूच बिहार ट्रॉफी का चैंपियन घोषित किया गया।*

# योगेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीते दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।

## बीसीसीआई ने चयनकर्ता पद के लिए मंगाए आवेदन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए। पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा। क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है। बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है जिसमें चयनकर्ता के लिए वही योग्यता मांगी गई है जो 2 साल पहले मांगी गई थी। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।

चिंतन

# जनजातियों में आवासीय गरीबी जल्द दूर करे केंद्र

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय गरीबी व्यापक स्तर पर है। केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक 'सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त करने के वास्ते एक अप्रैल, 2016 को पूर्ववर्ती इंदिरा आवास योजना का पुनर्गठन कर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) कर दिया गया था। वर्ष 2022 तो बीत गया, आज एक साल बाद भी सरकार सबको पक्के आवास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी है। बीच में बेशक कोरोना महामारी के काल के दो साल बीते, लेकिन यह को बड़ी बाधा नहीं होनी चाहिए थी। चूंकि सरकार हर वित्त वर्ष में पीएमएवाई-जी के लिए बजट का आवंटन करती है और राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में चरणों में दी जाती है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। सरकार ने दावा किया है कि दस साल में 4 करोड़ पक्के मकान निर्मित कराए गए हैं। इसके बावजूद अभी भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब आवास की भारी कमी से जूझ रहे हैं। भारत तो आवासीय गरीबी का भी शिकार है। संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विभिन्न घटक निकायों ने पर्याप्त आवास के अधिकार को बुनियादी मानवाधिकार के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने रेखांकित किया है कि पर्याप्त आवास के अधिकार की व्याख्या करते समय संकीर्णता का भाव नहीं होना चाहिए, अर्थात पर्याप्त आवास के अधिकार को मात्र चार दीवारों और एक छत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ने पर्याप्त आवास के अधिकार के संदर्भ में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, किंतु इसके बावजूद देश में सभी नागरिकों को मात्र एक आवास (पर्याप्त आवास नहीं) उपलब्ध कराना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है। पर्याप्त आवास के अधिकार की सर्वाधिक उपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्र में है, जहाँ भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे- स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं आदि उपलब्ध कराना गंभीर चुनौती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, पर्याप्त आवास में चार दीवारों और एक छत के अतिरिक्त बिजली एवं पानी की आपूर्ति और स्वच्छता तथा सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी शामिल किया जाता है। आवासीय गरीबी एक व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने तथा आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से उत्पादक होने की क्षमता को प्रभावित करती है। केवल छत निर्माण कराना ही पूर्ण आवास का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता है। देश में केरीब 11 फीसदी आबादी जनजातियों की है, वे सबसे अधिक सुविधासंपन्न आवास की कमी से जूझ रहे हैं। जनजातियों को आवास के लिए राशि दिए जाने से निश्चित रूप से सबको आवास के सरकार के लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक कदम है, इससे लाभार्थी जनजातियों के पक्के आवास बन सकेंगे। पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरूआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इनमें आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बिजली, सड़क और संचार शामिल हैं।

स्मृति शेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# मां पर कविताओं ने मुनव्वर को बनाया 'चितेरा' शायर

उर्दू साहित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब 'मुनव्वर राणा' ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधि-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधि का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देशी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी।

मुनव्वर राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानां को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। पारिवारिक सदस्य उन्हें 'मोटू' कहते थे, क्योंकि वह शुरू से ही शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे थे।



पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया। राणा का इंतजार 'पहलवानी का अखाड़ा' नहीं, बल्कि 'साहित्य जगत' कर रहा था। कविताओं ने ही उनको 'मोटू' से 'मुनव्वर राणा' स्थापित किया। ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति कि जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'मां' के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दर्शाने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेंगी।.... 'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई...। इन लाइनों में भावुकता और मार्मिकता का ऐसा संगम समाहित है जिसे सुनकर रूहें कांप उठती हैं। एक वक्त था जब शायरी के लिए सजने वाली कोई ऐसी महफिल नहीं होती थी जिसे वह अपनी शायरी से न लूटते हों? जहां उनकी मौजूदगी होती थी, तो वहां दूसरे शायर जाने से भी कतराते थे। महफिलों के अनगिनत किस्से हैं जो उनसे जुड़े हुए हैं।

हैदराबाद के एक मुशायरे में अपने कलामों के बारे में एक दफे कहा था कि 'वह गजल को कोठे से उठाकर माँ तक ले आए हैं'। वह एक ऐसा संदेश था जिसने सीधे राजनीति पर प्रहार किया था। वहीं, दुबई के एक मुशायरे में जब उन्होंने एक मां पर लिखी शायरी की एक लाइन पढ़ी, तो वहां बैठे दूतावास के एक बड़े अधिकारी बिलख-बिलख कर रोने लगे। उन्होंने तुरंत अपनी मां को फोन लगाया, और मांफी मांगी। बाद में पता चला उस अधिकारी की मां से कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। उनकी शायरी में ऐसी ही ताकत थी कि बिछड़ों को भी एक करने का मादा रखती हैं। राणा बेबाक राजनीतिक बयानबाजी को लेकर बीते कुछ वर्षों से ज्यादा चर्चाओं में थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के दोबारा जीतने पर लखनऊ से पलायन करने की भी बात कह दी थी। उन्हें वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था जिसे बाद में उन्होंने लौटा दिया था। तब से वह कुछ ज्यादा ही सियासतदानों के निशाने पर आ गए। दरअसल, उनकी चुभने वाली बेबाक बयानबाजियां ही उन्हें हमेशा परेशान करती रहीं। गले के कैंसर से पीड़ित 71 वर्षीय इस शायर का विवादों से कभी नाता छूटा ही नहीं? हालांकि उनके विवाद इसलिए कमतर आंके जाते हैं क्योंकि उन्होंने उर्दू साहित्य विधा पर जो अमिट छाप छोड़ी, वह अकल्पनीय है। उनके योगदान को पीढ़ियां याद रखेंगी। उनके जाने से उर्दू-साहित्य को निःसंदेह बड़ी क्षति हुई है। मुनव्वर उर्दू के बड़े शायर होते हुए भी अपने शेरों में अवधी और हिंदी जमकर प्रयोग करते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता



कांग्रेस
उमेश चतुर्वेदी

कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई।

कांग्रेस का अब तक का जो राजनीतिक रुख रहा है, उसके हिसाब से देखें तो राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा उसके सामने दो तरह की चुनौतियां लेकर आया था। कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों से पहले कांग्रेस के सामने पहली चुनौती सांप्रदायिकता विरोध की अपनी राजनीति को बचाए रखना थी। कांग्रेसी नेतृत्व और उसके रणनीतिकार शायद ही इसे स्वीकार करें। लेकिन उसके सामने दूसरी चुनौती अपने अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मजबूत बनाना रही। तटस्थ नजरिए से देखें तो कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। दरअसल, कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। पता नहीं कांग्रेसी रणनीतिकार इसे स्वीकार करते हैं या नहीं, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई। जिस उत्तर प्रदेश से उसका केंद्रीय नेतृत्व जुड़ा हुआ है, उसी उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ एक सीट कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के महज दो ही विधायक हैं। उत्तर प्रदेश से सटे बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से पार्टी के पास सिर्फ एक ही सांसद है, जबकि 243 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायक हैं। वैसे इन विधायकों की संख्या के पीछे राज्य में उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का साथ है। इसी तरह झारखंड में भी कांग्रेस का एक ही सांसद है, 82 सदस्यीय विधानसभा में उसके 18 विधायक हैं। इसमें उसके सहयोगी दलों का हाथ है।

राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर भारत में कांग्रेस का अस्तित्व लगातार छीजता चला गया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि कांग्रेस राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर एक तरह से अपने अस्तित्व पर आए संकट को टालने की कोशिश करेगी। लेकिन उसने अस्तित्व बचाने की कोशिश की बजाय कथित सांप्रदायिकता विरोध की ही राह को चुना है। हालांकि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता था। कांग्रेसी विधायकों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बजाय किसी और दिन राम मंदिर जाने का बाकायदा ऐलान भी कर रखा है। कांग्रेसी नेता भी अब गाहे-बगाहे बोलने लगे हैं कि राम किसी एक के नहीं हैं, बल्कि सबके हैं। साफ है कि स्थानीय नेतृत्व राममंदिर आंदोलन से साथ अलग हुए सवर्ण वोटरों के एक तबके के साथ अपना रिश्ता जोड़ना चाहता है, लेकिन कांग्रेसी आलाकमान और उनके सलाहकारों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा है।



यह नहीं भूलना चाहिए कि राममंदिर को लेकर भले ही आंदोलन सैकड़ों वर्षों से चल रहा हो,लेकिन उसे गति विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के बाद ही मिली। राजीव गांधी के निर्देश पर नवंबर 1989 में तब के विवादित ढांचे का ताला खोला गया था और नौ नवंबर को प्रतीकात्मक शिलान्यास हुआ था। उन दिनों शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने वाली संसदीय कार्रवाई के बाद राजीव सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों का सामना कर रही थी। उसके ही अपने कद्दावर मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था, जिससे अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों को बल ही मिला था। कुछ वक्त बाद चूंकि आम चुनाव होने थे, लिहाजा आरोपों को थामने और हिदूवादी वोटरों का साथ पाने के लिए राजीव सरकार ने शिलान्यास का फैसला लिया। कांग्रेस का वह दांव उलटा रहा। ना उसे माया मिली और न राम। मुस्लिम वोटर लगातार समाजवादी खेमे की ओर झुकते चले गए और सवर्ण हिंदू वोट बैंक भी उससे दूर होता ही गया था।

राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को उत्तर भारतीय वोटरों के बीच जवाब देने का मौका हो सकता था। कांग्रेस समारोह में शामिल होकर यह कह सकती थी कि राम सबके हैं। किसी एक दल विशेष के नहीं। उसके इस कदम से उलटे भाजपा की सांसत बढ़ सकती थी। भाजपा के पास यह भी कहने को मौका होता कि जिस कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, उसे भी राम की शरण में आना पड़ा है। वैसे राजनीति में ऐसी बातें होती रहती हैं। असल खेल वोटरों के सामने अपनी अहमियत साबित करना होता है। कांग्रेस चाहती तो वह इस मौके का इस नजरिए से इस्तेमाल कर सकती थी।

कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का फैसला करके एक तरह से धारा के खिलाफ जाने का काम किया है। धारा के विरोध में कुशल तैराक ही तैर पाता है पर अभी कांग्रेस की जैसी हालत है, उसे कुशल तैराक नहीं माना जा सकता। उसकी तैराकी की ज्यादातर कोशिशें नाकाम हो रही हैं। इसलिए धारा के खिलाफ इस बार का उसके तैरने को समझदारी नहीं मानी जा सकती। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली। इस चुनावी प्रदर्शन के बाद जिस तरह का नैरेटिव पार्टी ने पेश किया, उससे ऐसा लगता है कि उसे उत्तर भारत से ज्यादा उम्मीद नहीं है। तेलंगाना विंध्य पर्वतमाला से दक्षिणी इलाके में पड़ता है। कुछ महीने पहले विंध्य के ही दक्षिण में स्थित कर्नाटक में कांग्रेस को जीत मिली थी। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस ने विचार दिया कि उत्तर भारत के वोटर जहां सांप्रदायिकता के आधार पर वोटिंग करते हैं, वहीं दक्षिण के वोटर मुद्दों पर मतदान करते हैं। दक्षिण के दोनों राज्यों में अपनी जीत को कांग्रेस गैर सांप्रदायिक मुद्दों की जीत मानती है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार करके एक तरह से दक्षिण के किले को मजबूत करने की कोशिश में है। कांग्रेस शायद मान चुकी है कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के बरक्स समाजवादी राजनीति खड़ी है, वहां उसका थोड़ा-बहुत अस्तित्व बचा भी रहेगा, तो उसकी वजह स्थानीय दल ही रहेंगे। कांग्रेस व समाजवादी धड़े के दलों का मत आधार कम से कम उत्तर भारत में एक ही है। इनमें मुस्लिम वोटर अहम भूमिका में हैं। कांग्रेस इन वोटरों को ना खुद खोना चाहती है और न ही इंडी गठबंधन में उसके साथ शामिल दूसरे दलों को भी सांसत में डालना चाहती है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण अखिलेश यादव भी ठुकरा चुके हैं। वैसे भी उन्हें अपने वोटबैंक को लेकर कोई कशमकश नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। **- श्रीश्री रविशंकर**

## अच्छे कार्य करने से गुरु अपने शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा।

राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी

11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ष 1989 से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए जागरूक करना है। इस वर्ष के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम है, 'सड़क सुरक्षा नायक बनें'। अर्थात हमें खुद तो सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक होना चाहिए ही, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करना भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। **- परेश सिंहा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### अच्छी बातचीत



रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मेरा फेक वीडियो



मेरा वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। आप सब से विनती है के ऐसे वीडियो या एप या विज्ञापन आपको अगर नजर आए तो उन्हें तुरंत रिपोर्ट करें।
**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### राजनीतिक लाभ



राम लला के मंदिर निर्माण की मांग 1984 तक न आरएसएस, न जनसंघ औश्र न ही भाजपा ने सोची। जब भाजपा ने 1984 के लोकसभा चुनाव में 2 सीटें जीती तब उन्होंने बाबरी मस्जिद राम मंदिर का लाभ राजनीतिक लाभ के लिए उठाया।
**-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**

### प्रतीक्षित सौभाग्य



दस दिन से निरंतर यात्रा में हूं। हर्षित हूं कि अयोध्या में शताब्दियों से प्रतीक्षित सौभाग्य पल का सम्पूर्ण विश्व साक्षी होगा। इक्कीस जनवरी को अयोध्या जी में ही अपने अपने राम से मेरे राघवेंद्र के गुण स्तवन का सौभाग्य भी मुझ अकिंचन को प्राप्त होगा।
**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया का हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने सोमवार को दावा किया कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की एक नयी हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है जो क्षेत्र में अमेरिका के दूरस्थ ठिकानों पर हमला कर सकती है।



उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया में यह खबर तब आयी है जब एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के समीप एक स्थान से मिसाइल दागे जाने का दावा किया था। इससे दो महीने पहले उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की नयी मिसाइल के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो गुआम और जापान में अमेरिकी सेना के ठिकानों को निशाना बनाने वाले हथियारों को विकसित करने के उसके कदमों को दिखाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि रविवार को किए परीक्षण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस ईंधन चालित इंजनों की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक विस्फोटक की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। उसने परीक्षण को सफल बताया। केसीएनए ने यह नहीं बताया कि क्या उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन परीक्षण स्थल पर मौजूद थे।

## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम



अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अयोध्या धाम जंक्शन का वास्तुशिल्प भव्य राम मंदिर के अनुरूप बन रहा

प्राण प्रतिष्ठा



**भुवनेश्वर(भाषा)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अयोध्या और पुरी रेलवे स्टेशन की पुनर्विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन 'संस्कृति और लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी' का एक अभिन्न हिस्सा है और सांस्कृतिक विरासत वाले क्षेत्र के तौर पर इसका संरक्षण एवं प्रोत्साहन करना चाहिए। उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम जंक्शन का वास्तुशिल्प, अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के अनुरूप है जबकि पुरी स्टेशन प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के वास्तुशिल्प को प्रदर्शित करेगा। वैष्णव ने भुवनेश्वर में कहा कि आप रेलवे स्टेशन को शहर की पहचान के साथ जितना जोड़ेंगे यह उतना बेहतर होगा। विकास इस तरह का होना चाहिए कि उसकी सांस्कृतिक विरासत को भी बनाए रखा जाए। इनका सरंक्षण होना चाहिए और यह प्रतिबिंबित होना चाहिए। उन्होंने शहर में स्टेशन पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा भी की। रेल मंत्रालय ने 2021 में अमृत स्टेशन योजना शुरू की थी। इसके तहत 1,309 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा और इस दौरान यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वैष्णव ने कहा कि योजना है कि स्टेशन की डिजाइन ऐसी हो जिसमें सांस्कृतिक पहलू का भी समावेश हो।

## 16 से 22 तक गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रहेगी

**अयोध्या(भाषा)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे पटरियों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के कारण 16 से 22 जनवरी तक रेल गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। त्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के मुताबिक, वंदे भारत समेत 10 ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि दून एक्सप्रेस समेत 35 ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी। 14 अन्य ट्रेन का परिचालन पर भी प्रभावित रहेगा।

## अयोध्या में घर बनाएंगे अमिताभ 14.5 करोड़ में खरीदी जमीन

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये में एक



परियोजना में लगभग 10,000 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। इसे मुंबई की जमीन जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा विकसित कर रही है। हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ने सौदे की पुष्टि की लेकिन इसकी राशि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ रुपये कारोबार की उम्मीद

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपना यह अनुमान विभिन्न राज्यों के 30 शहरों के व्यापार संघों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लगाया है। कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रतिध्वनित करता है बल्कि आर्थिक गतिविधियों में भी उछाल लाता है। बाजारों में श्री राम के झंडे, बैनर, टोपी, टी-शर्ट और राम मंदिर की तस्वीर वाले कुर्ते की भारी मांग देखी जा रही है। खंडेलवाल ने कहा कि 'राम मंदिर के मॉडल की मांग में बढ़ोतरी देखी गई है।

## जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम किशोरी ने गाया राम 'भजन', वायरल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी तहसील की रहने वाली मुस्लिम किशोरी की पहाड़ी भाषा में गए राम 'भजन'की चारों तरफ चर्चा हो रही है और उसका यह गाना अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले तेजी से वायरल हो रहा है। कॉलेज में पढ़ाई करने वाली 19 वर्षीय सैयदा बतूल जेहरा, सैयद समुदाय से आती हैं और वह गायक जुबिन नौटियाल द्वारा गए 'भजन' से प्रेरित हैं। ज़ेहरा ने कुपवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि हाल में मैंने राम भजन गया था जो वायरल हो गया।

## दो भजन रिलीज़ करेंगे गीतकार शब्बीर

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले बॉडीगार्ड और केजीएफ चैप्टर 2 जैसी फिल्मों के गीत लिखने वाले गीतकार शब्बीर अहमद दो भक्ति गीत रिलीज़ करेंगे। बॉलीवुड गीतकार और संगीतकार शब्बीर अहमद इस सप्ताह यूट्यूब पर रघुपति राघव राजा राम और घर मेरे आया है राम रमैया शीर्षक से 'भजन' रिलीज करेंगे।

## गायिका प्रभा का राजकीय सम्मान के साथ संस्कार

**पुणे (महाराष्ट्र)(भाषा)।** प्रख्यात शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का सोमवार को पुणे के वैकुंठ श्मशान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अत्रे का यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाली अत्रे को भारत सरकार ने पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया था।




## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 15 दिनांक 11.01.24 धारा 346 IPC थाना कलानौर रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - संजू
पिता/पति का नाम - पत्नी विनोद
पत्ता- गांव निंगाना जिला - रोहतक
उम्र- 25 वर्ष
कद- 5 फुट 4 इंच
हुलिया- रंग- सांवला, लम्बुतरा चेहरा, मजबूत शरीर, लम्बी नाक, काले बाल, काली आँखे।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए है रंग का पता नहीं है।


दिनांक 11.01.2024 को संजू पत्नी विनोद निवासी गांव निंगाना जिला रोहतक हरियाणा थाना कलानौर, जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक - 70829-99126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता कलानौर रोहतक- 9416035093

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 26 दिनांक 11.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - सन्दीप कुमार
पिता/पति का नाम - पुत्र शशीभूषण
पता- सैनिक कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
उम्र- 40 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, फुर्तीला शरीर, काले बाल, काली आँखे, मुछ रखे हुए है
पहनावा - नीली गुलाबी मैरुम रंग की गोल गले की बनियान, भूरे सफेद पीले रंग की जैकेट, ग्रे रंग की पेन्ट व पैरो मे काले रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 11.01.2024 सन्दीप कुमार पुत्र शशीभूषण निवासी सैनिक कालोनी जिला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466516387

पीआरडीएच-1084/11/2062/2024/24192/88/6 दि. 15.01.24

## 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने का मामला

# विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव गुट सुको पहुंचा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

जून 2022 में विभाजन के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट को "वास्तविक राजनीतिक दल" घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देते हुए शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। विधानसभाध्यक्ष ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में 10 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिद्वंद्वी खेमों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था। इस फैसले ने शिंदे की स्थिति को और मजबूत कर दिया। शिंदे ने 18 महीने पहले ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। गर्मियों में लोस चुनाव और 2024 की दूसरी छमाही में होने वाले विस चुनावों से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में इस फैसले से उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ गई है।

**खास बातें**

- शिंदे ने 18 महीने पहले ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया
- निर्वाचन आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'तीर-धनुष' चुनाव चिह्न दिया था

**जून 2022 में पार्टी विभाजित हुई थी**





## महाराष्ट्र की राजनीति में फिर सरगर्मियां तेज

### नार्वेकर ने कहा था, किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया जा रहा

महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। नार्वेकर ने कहा था कि कोई भी पार्टी नेतृत्व किसी पार्टी के भीतर असंतोष या अनुशासनहीनता को दबाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रावधानों का उपयोग नहीं कर सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा था कि जून 2022 में जब पार्टी विभाजित हुई, तो शिंदे समूह को शिवसेना के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन प्राप्त था। निर्वाचन आयोग ने 2023 की शुरुआत में शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'तीर-धनुष' चुनाव चिह्न दिया था। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और प्रतिद्वंद्वी ठाकरे गुट द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपने आदेश में नार्वेकर ने कहा था कि शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु 21 जून 2022 (जब पार्टी विभाजित हुई) से सचेतक नहीं रहे और शिंदे गुट के विधायक भरत गोगावले अधिकृत सचेतक बने। नार्वेकर ने कहा था, "विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया जा रहा है। पिछले साल जून के महीने में एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 15 विधायकों के साथ उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत की थी।

## आदिवासी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को समर्थन देने की जरूरत : मुर्मू

**गुवाहाटी (भाष)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूर्वोत्तर क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के तहत सोमवार को गुवाहाटी पहुंची। मुर्मू वायुसेना के हेलीकॉप्टर से मेघालय के तुरा गई और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर में खिलाड़ियों के विकास की जबरदस्त संभावनाएं हैं। मुर्मू ने तुरा के पीए संगमा स्टेडियम में पांचवें मेघालय खेलों के उद्घाटन के मौके पर कहा कि विविधता भारत की सुंदरता है और इसका उपयोग खेल क्षेत्र में देश की वैश्विक छवि को और मजबूत बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के विकास की जबरदस्त संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में पारंपरिक रूप से एक मजबूत खेल संस्कृति है।" राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी क्षेत्रों की प्रतिभाओं का समर्थन करने और उन्हें पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## नड्डा ने दिल्ली से दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को यहां लोकसभा चुनाव से पहले 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के ऊपर पार्टी के चुनाव चिह्न 'कमल' की तस्वीर बनाकर अपनी पार्टी के दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की। नई दिल्ली स्थित लोधी कॉलोनी में प्रचार अभियान में भाग लेने के बाद नड्डा ने लोगों से आगामी आम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने और नरेन्द्र मोदी को लगातार




तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास की गति और देश की वैश्विक मान्यता निर्बाध रूप से जारी रहे। देश में स्थिरता के साथ विकास हो, हम सबको शामिल करके 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के साथ देश को आगे ले जाएं।

## नगालैंड पहुंची राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा



एजेंसी ▶▶ इंफाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार शाम नगालैंड पहुंच गई। राहुल गांधी अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ मणिपुर की सीमा से लगे कोहिमा जिले के खुजामा गांव पहुंचे। राहुल गांधी और उनकी टीम का खुजामा में लोगों ने स्वागत किया। वह रात्रि विश्राम गांव में ही करेंगे।कांग्रेस की नगालैंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष खीदी थेनुओ ने बताया कि राहुल गांधी नगा होहो सहित नगा आदिवासी संगठनों, नागरिक संस्थाओं और चर्च निकायों के साथ उनके मुद्दों और समस्याओं पर बंद कमरे में बैठकें करेंगे।

## सीबीआई ने लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अंडमान और निकोबार कमान के तत्कालीन एसएसओ (अनुबंध और रसद आपूर्ति) लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अपने परिवार के सदस्यों के खातों में लाखों रुपये की नकदी जमा करने के आरोप में भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रा के खिलाफ विभिन्न विक्रेताओं से नकदी में रिश्वत लेने के साथ ही अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में राशि जमा करने को लेकर 2022 में एक मामला दर्ज किया गया था। एजेंसी ने उनकी संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों की जांच की, जिससे संकेत मिला कि चंद्रा और उनकी पत्नी के पास ऐसी संपत्ति है।

- आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर हुई कार्रवाई

**पुस्तक का विमोचन पिछले साल हुआ**

# शर्मिष्ठा मुखर्जी ने की पीएम मोदी से भेंट, किताब की प्रति भेंट की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उन्हें अपनी किताब 'प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की। मुखर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उन्हें 'प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की। वह हमेशा की तरह मेरे प्रति दयालु थे और बाबा



(प्रणब मुखर्जी) के लिए उनका सम्मान कम नहीं हुआ है। धन्यवाद सर।" इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी साझा की। किताब का विमोचन पिछले साल दिसंबर महीने में प्रणब की जयंती के अवसर पर किया गया था। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने इस अवसर पर बताया था उनके पिता कहा करते थे कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में उनका कार्यकाल उनके राजनीतिक जीवन का 'स्वर्णिम दौर' था। उन्होंने कहा था कि उनके पिता को लगता था कि 'किसी के आगे न झुकने' के रवैये के कारण उन्हें पूर्व पीएम राजीव गाधी के मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज नूह | गांव मलाब 25511 में सैनी शमशान घाट में चारदिवारी का निर्माण + 6 कार्य। | 12.01.2024 19.01.2024 | 39.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708036914 prexeeng.mwt@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | सिरसा जल सेवाएं डिवीजन, सिरसा में चौखटों और दरवाजों के शटरों को बदलना। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में यमुनानगर खजूरी जटलाना रोड गुमथला राव तक सड़क का निर्माण, घोषणा कोड सं. 26425 दिनांक 15.05.2022, 1. यमुनानगर खजूरी जटलाना (आईडी सं. 511) कि.मी. 0.00 से 12.30, 2. जटलाना से गुमथला रोड (आईडी 532) किमी. 0.00 से 8.38, 3. गुमथला से गुमथला राव रोड (आईडी 531) कि.मी 0.00 से 1.62 तक | 12.01.2024 01.02.2024 | 216.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जुआं-2 ब्लॉक सोनीपत वीएएनजीवाई में स्टेडियम (रूम, हॉल रूम और किचन) को पूरा करना। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 15.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बटाना जाफराबाद ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 32.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) आरडी 11000 से 26000 और 26.700 से 30.400 तक सड़क की विशेष मरम्मत, रोड आईडी 4873 + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.02.2024 | 1552.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव पुरनपुरा राजकीय विद्यालय के निकट तालाब का जीर्णोद्धार। | 12.01.2024 18.01.2024 | 36.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव चिड़ी ब्लॉक लाखनमाजरा योजना राज्य वित्त-(पंचायत समिति) में पंजदी तालाब पर बरामदे का निर्माण, 2. गांव चिड़ी पंचायत समिति के तहत पार्क में सीटिंग बैंच और गजेबो का निर्माण, 3. गांव लाखनमाजरा पंचायत समिति के तहत बीडीपीओ कार्यालय भवन में रूम और शौचालय का पुनरोद्धार। | 10.01.2024 18.01.2024 | 11.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज बाढड़ा चरखी दादरी | गांव बौंद कलां वार्ड नं. 1 में बस क्यू शेल्टर (जिला परिषद) का निर्माण + 14 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 58.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोड़ ब्लॉक मुंडलाना-2 में एचपीडब्ल्यू डब्ल्यूएमए के तहत अंसारवाला तालाब का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 53.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव धाना अलदादपुर (वीएजीवाई) में हनुमान अखाड़े में जिम की स्थापना। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 04.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज फतेहाबाद | दौलतपुर-गांव दौलतपुर ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद (जैडपी) के राजकीय उच्चतर विद्यालय में लोहे के शैड का निर्माण + 14 कार्य। | 11.01.2024 22.01.2024 | 123.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल लघु सचिवालय भवन में 1 अदद 8 पैसेंजर तथा 2 अदद 10 पैसेंजर की लिफ्टों को बदलना + 1 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 66.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज भिवानी | गावं मिताथल, ब्लॉक व जिला भिवानी (महाबीर/पोलू पुत्र सज्जन से अनिल पुत्र हरज्ञान तक) साइड ड्रेन सहित आईपीबी गली की पेवमेंट, योजना-एफएफसी। | 11.01.2024 17.01.2024 | 3.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज कथुरा, सोनीपत | गांव आहूलाना, ब्लॉक कथूरा में आर्य समाज सामुदायिक केन्द्र की चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 23.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में मारकंडा नदी क्रॉसिंग रोड के ऊपर से काला आम्ब सढ़ौरा बराडा शाहाबाद रोड से मौजूदा एच.आई. ब्रिज 3 स्पैन 45 एम प्रत्येक पर सुरक्षा कार्य का प्रावधान। | 10.01.2024 30.01.2024 | 192.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज मोरनी पंचकूला | गांव महमल जी.पी. कोटी में आर/वॉल का पीएस निर्माण, गांव शयोन जी.पी. कोठी में साइड रोड पर बावधी का निर्माण, गांव सरारी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव रोड दकोदी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव पपरोला जी.पी. कोठी ब्लॉक मोरनी पीएस सेक्टर में वाटर टंकी का निर्माण + 3 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 14.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज पंचकूला | गांव हरिपुर ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में अम्बेडकर भवन का निर्माण, योजना वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 14.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 19 | वन विभाग हरियाणा पंचकूला | वन भवन के इंटीरियर और एक्सटीरियर की व्हाइट वॉशिंग और स्टेयर ग्रेनाइट को बदलना और रखरखाव। | 08.01.2024 23.01.2024 | ईएमडी 84000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722573761 dfohqforest@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | पीली मंदोरी डिस्टी. के आरडी 282500-एल, फतेहाबाद ब्रांच पर आरडी 0 से 31380 टेल ऑफटेकिंग तक का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 06.02.2024 | 189.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 21 | पंचायती राज, रोहतक | गांव रूड़की, कृष्ण के मकान से दादा भीम के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण (8.5) + 3 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 16.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/420/24211/I/88/6 दि. 15.01.24

# 2020 से पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दोगुनी हुई, पांच अरब लोग और गरीब हुए: ऑक्सफैम

## दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक का आगाज, दुनियाभर के 2,800 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे

भाषा ▶▶ दावोस

दुनियां के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी से अधिक हो गई है। वहीं विश्व को एक दशक में अपना पहला खरबपति मिल सकता है जबकि गरीबी खत्म करने में दो शताब्दियों से अधिक समय लगेगा। ऑक्सफैम ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के पहले दिन सोमवार को अपनी वार्षिक असमानता रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि दुनिया के 10 सबसे बड़े निगमों में से सात में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या प्रमुख शेयरधारक एक अरबपति हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 148 शीर्ष निगमों ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन साल के औसत से 52 प्रतिशत अधिक है। अमीर शेयरधारकों को



भारी भुगतान किया गया, जबकि करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा। असमानता तथा वैश्विक कॉर्पोरेट शक्ति पर ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से '' 1.4 करोड़ अमरीकी डॉलर प्रति घंटे की दर से '' 405 अरब अमरीकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़कर 869 अरब अमरीकी डॉलर हो गई है, जबकि ''विभाजन के इस दशक'' में करीब पांच अरब लोग पहले ही गरीब हो चुके हैं। अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो एक दशक के भीतर दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा, लेकिन गरीबी अगले 229 वर्षों तक खत्म नहीं होगी। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार ने कहा, '' असमानता की यह स्थिति कोई दुर्घटनावश उत्पन्न नहीं हुई है। अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है कि निगम बाकी सभी की कीमत पर उन्हें अधिक संपत्ति प्रदान करें। वैश्विक आबादी का सिर्फ 21 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने के बावजूद 'ग्लोबल नॉर्थ' के अमीर देशों के पास 69 प्रतिशत वैश्विक संपत्ति है और दुनिया के 74 प्रतिशत अरबपतियों की संपत्ति यहीं है।

### फ्यूचर पॉसिबिलिटीज इंडेक्स: भारत का 35वां स्थान, ब्रिटेन शीर्ष पर

**दावोस(भाषा)।** भविष्य की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सर्वश्रेष्ठ देशों के वैश्विक सूचकांक में भारत को 35वां स्थान दिया गया है, जबकि इस सूची में ब्रिटेन शीर्ष पर है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर न्यूजवीक वैंटेज और होराइजन समूह ने सोमवार को फ्यूचर पॉसिबिलिटीज इंडेक्स (एफपीआई) जारी किया। शीर्ष पांच में ब्रिटेन के बाद डेनमार्क, अमेरिका, नीदरलैंड और जर्मनी हैं। बड़े उभरते बाजारों में चीन इस साल 19वें स्थान पर है। वहीं ब्राजील 30वें, भारत 35वें और दक्षिण अफ्रीका 50वें स्थान पर रहा। अध्ययन में उन कारकों की तुलना की गई जो सरकारों, निवेशकों तथा अन्य निजी क्षेत्र के हितधारकों को 70 देशों में वृद्धि और कल्याण के लिए छह वैश्विक परिवर्तनकारी रुझानों का लाभ उठाने में मदद करेंगे।

### बैठक के अहम मुद्दे

**दावोस (भाषा)।** विश्व आर्थिक मंच की इस बैठक में राजनीति, व्यापार और समाज के प्रमुख अतिथि यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्ध, संभावित नई महामारी, जलवायु परिवर्तन और साइबर हमले जैसे चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। मंच की विशिष्ट बैठक ग्रीसंस पर्वत रिसॉर्ट में होगी। इस बैठक के एजेंडे में गाजा और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए उच्चस्तरीय वार्ता सबसे ऊपर है। सबसे महत्वपूर्ण अतिथि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की हैं। उनके मंगलवार को यहां पहुंचने की संभावना है। रूस के सहयोगी देश चीन प्रधानमंत्री ली कियांग भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। पश्चिम को उम्मीद है कि वह बीजिंग के माध्यम से मास्को को प्रभावित करने में सक्षम होगा।

### देश में पिछले नौ साल में २४.८२ करोड़ लोग 'गरीबी' से बाहर आये: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पिछले नौ साल में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी यानी स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के मामले में गरीबी से बाहर आये हैं। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि गरीबी में सबसे ज्यादा कमी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में आई है। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में सुधार के जरिये मापा जाता है। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर आये हैं।

## खबर संक्षेप



### संगम में मकर संक्रांति पर 21 लाख से ज्यादा लोगों ने डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ लगभग डेढ़ महीने तक चलने वाला माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया। मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक, सोमवार दोपहर 12 बजे तक 21 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

### अमित शाह की बड़ी बहन का निधन

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरीबेन शाह का सोमवार को मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। राजेश्वरीबेन करीब 60 साल की थीं। पदाधिकारी ने बताया कि अमित शाह ने अपनी बहन के निधन के बाद गुजरात में निर्धारित अपने आज के सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं।

### दाल-सब्जी महंगी होने से बढ़ी महंगाई

**नई दिल्ली।** थोक मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। यह इसका नौ माह का उच्चस्तर है। खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2022 में यह 5.02 प्रतिशत थी। एजेंसी

### सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया फिर नया रिकॉर्ड

**मुंबई (भाषा)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। सेंसेक्स 73,327.94 अंक के उच्चतर स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास व विदेश मंत्री से की मुलाकात

# उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के विकास पर सहमति

भाषा ▶▶ तेहरान

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरान में सड़क और शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बज्रपाश से मुलाकात करके अपने कार्यक्रम की शुरुआत की। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर विस्तृत और "सार्थक" चर्चा की। जयशंकर ने बज्रपाश के साथ अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "तेहरान में मेरे दौरे की शुरुआत सड़क और शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बज्रपाश से मुलाकात के साथ हुई। चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर विस्तृत और सार्थक चर्चा। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, चाबहार बंदरगाह संपर्क और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है।

**खास बातें**

- जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे
- दोनों मंत्री द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे

**उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया**



### जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मिले

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को यहां अपने ईरान के समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात की और उनकी चर्चा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण कनेक्टिविटी परियोजना में भारत की भागीदारी के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पर केंद्रित थी। जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय संवाद के तहत ईरान के दौरे पर हैं। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी से भी मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ व्यापक चर्चा हुई।

### लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की

एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मुलाकात की। दोनों ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से लाल सागर से आवाजाही कर रहे व्यापारिक जहाजों को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। भारत लाल सागर में उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। भारतीय नौसेना ने उत्तर और मध्य अरब सागर सहित महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में समुद्री वातावरण को देखते हुए समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के जहाजों और निगरानी विमानों की तैनाती पहले ही बढ़ा दी है।

## लखनऊ में 76वें सेना दिवस परेड पर बोले थल सेनाध्यक्ष

# पीर पंजाल और राजौरी-पुंछ के दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई

भाषा ▶▶ लखनऊ

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के हालात नियंत्रण में है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में पीर पंजाल और राजौरी-पुंछ के दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। हालांकि, जनरल पांडेय ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षाकर्मियों के प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में हिंसा में काफी गिरावट आई है। यहां आयोजित 76वें सेना दिवस परेड को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा,



''पश्चिमी सीमाओं पर जम्मू-कश्मीर के हालात नियंत्रण में है, मगर पिछले कुछ महीनों में पीर पंजाल और राजौरी-पुंछ के दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम है।

### सरहद पार आतंकवादी ढांचा अब भी बरकरार

घुसपैठ की कोशिशों से यह स्पष्ट है कि सरहद पार आतंकी ढांचा अब भी बरकरार है। घुसपैठ की कोशिशों को हमारी सेना ने पूरी सतर्कता से विफल कर दिया है। सेना प्रमुख ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के लगातार मजबूत प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में हिंसा में काफी कमी आई है। हम देश से आतंकी नेटवर्क को उखाड़ने और खत्म करने के लिए सभी हितधारकों के साथ प्रतिबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। पूर्वोत्तर में पिछले कुछ वर्षों में, स्थानीय विद्रोही समूहों के साथ महत्वपूर्ण शांति समझौते और शांति वार्ता हुई है।

एनएचएआई ने कहा

### अधूरे केवाईसी वाले फास्टैग 31 जनवरी के बाद हो जाएंगे निष्क्रिय

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि खाते में राशि होने के बावजूद अधूरे केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिये) वाले फास्टैग 31 जनवरी के बाद निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाने के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल लागू की है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक ही फास्टैग के इस्तेमाल या एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग जोड़ने को हतोत्साहित करना है।

मकर संक्रांति पर पोंगल उत्सव

### तमिलनाडु में जल्लीकट्टू के पहले ही दिन 90 घायल

- जल्लीकट्टू में लगभग 1000 सांडों और 600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु में मकर संक्रांति पर पोंगल उत्सव मनाया जाता है। जल्लीकट्टू इसका ही एक हिस्सा है। मदुरै के अवनियापुरम में मट्टू पोंगल पर शुरू हुए पहले दिन के खेल में दो पुलिस कर्मियों समेत 90 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 9 लोगों को इलाज के लिए मदुरै के राजाजी अस्पताल में रेफर किया गया है। अवनियापुरम में चल रहे जल्लीकट्टू में लगभग 1000 सांडों और 600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अवनियापुरम जल्लीकट्टू उत्सव में एक कार दी जाएगी। इस बार केवल पास वाले बैल मालिकों की इट्री है।

उड़ान में 13 घंटे की देरी से आपा खोया

### इंडिगो की फ्लाइट में पैसेंजर ने पायलट को थप्पड़ मारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को इंडिगो की फ्लाइट में एक पैसेंजर ने पायलट को थप्पड़ मार दिया। पैसेंजर उड़ान में 13 घंटे से हो रही देरी से नाराज था। घटना दिल्ली से गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई-2175) की है। इसे सुबह 7.40 बजे उड़ान भरनी थी, जो कोहरे के कारण लेट हुई। घटना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पीले रंग की हुडी पहने पैसेंजर सीट से उठकर पायलट के पास गया और थप्पड़ मारने के बाद कहा- चलाना है तो चला नहीं तो खोल गेट। पैसेंजर की



हरकत पर एयर होस्टेस ने कहा- सर, ये गलत है। आप ऐसा नहीं कर सकते। इस पर पैसेंजर ने कहा- मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता। सिविल एविएशन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा- किसी भी यात्री का इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने की पुतिन से बात

### रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए खाका विकसित करने पर बनी सहमति

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए एक खाका विकसित करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार मोदी ने कहा कि पुतिन के साथ उनकी "अच्छी बातचीत" हुई और उन्होंने 2024 में ब्रिक्स की रूस की अध्यक्षता सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएमओ से जारी बयान के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत में



प्रधानमंत्री ने रूस को ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। रूस ने एक जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह और पुतिन भविष्य की पहल के लिए एक खाका तैयार करने पर भी सहमत हुए। विभिन्न मुद्दों पर हुई प्रगति का जायजा लिया और भविष्य की पहल के लिए एक खाका तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

## व्यापार समाचार

### सोना 150 रुपये मजबूत चांदी में 300 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के उछाल के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 150 रुपये बढ़कर 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना तेजी के साथ 2,055 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी का भाव भी तेजी के साथ 23.20 डॉलर प्रति औंस रहा।



# मधुमेह के प्रबंधन में धर्म की अनूठी भूमिका

भाषा ▶▶ योग्याकार्ता (इंडोनेशिया)

जावा के लोगों के लिए बीमारी से जूझने में संस्कृति और धर्म मददगार साबित हो सकते हैं। जावा में मधुमेह से जूझ रहे लोगों के लिए आध्यात्मिकता और धर्म स्वास्थ्य संबंधी उनकी इस स्थिति के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जावा के लोग अत्यधिक आध्यात्मिक सोच रखते हैं और उनका मानना है कि बीमारी समेत दुनिया में जो कुछ भी होता है उसके पीछे कोई दिव्य उद्देश्य होता है। उनका मानना है कि यदि वे धैर्य के साथ अपनी बीमारी को सहन करेंगे, तो ईश्वर उनके पापों को माफ कर देगा। इस सोच के कारण बीमारी ने अपनी स्थिति को भगवान की इच्छा के रूप में स्वीकार करने की व्यक्ति की क्षमता बढ़ा दी है। इसके कारण जावा के लोग मधुमेह से निपटने संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए स्वयं जागरुक है और बीमारी के बावजूद अपनी दैनिक गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं।

सामाजिक एकजुटता और सामाजिक समर्थन भी मधुमेह के प्रबंधन में महत्वपूर्ण पहलू हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि मधुमेह से पीड़ित लोगों के सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं ने बीमारी पैदा होने और इससे जुड़ी जटिलताओं में भी योगदान दिया है। उदाहरण के लिए, जावा के लोगों के लिए सामाजिक संबंध महत्वपूर्ण हैं और सामाजिक समारोहों का निमंत्रण स्वीकार करने पर मरीज के निर्धारित आहार से अलग वस्तुओं का सेवन करने की संभावना अधिक होती है।

### इंसुलिन लेना सुरक्षित और आसान बनाने में कैसे मददगार है नैनोटेक

**सिडनी।** नैनोटेक्नोलॉजी में प्रगति के कारण मधुमेह से पीड़ित लोग इंजेक्शन के बजाय इंसुलिन को शर्करा रहित चॉकलेट जैसी स्वादिष्ट दवाइयों के जरिए मौखिक रूप से भी ले सकेंगे। दुनियाभर में 15 से 20 करोड़ लोगों को रोजाना इंसुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते हैं। 'टाइप-1' मधुमेह से पीड़ित हर व्यक्ति को इंसुलिन की आवश्यकता पड़ती है और 'टाइप-2' मधुमेह से पीड़ित 20 से 30 प्रतिशत मरीजों को इंसुलिन का इंजेक्शन लेना पड़ता है। ये इंजेक्शन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि मधुमेह से पीड़ित लोगों के शरीर में पर्याप्त इंसुलिन हो ताकि उनके रक्त में शर्करा के स्तर में वृद्धि न हो। लेकिन उन्हें कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। इंसुलिन इंजेक्शन लेने वाले लोगों को निम्न रक्त शर्करा या 'हाइपोग्लाइसीमिया' की समस्या हो सकती है क्योंकि अपने शरीर की आवश्यकता से अधिक इंसुलिन लेने का खतरा बना रहता है या ऐसा भी हो सकता है कि उन्होंने सही समय पर इंजेक्शन नहीं लगाया हो।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25